मंगलवार
7 अप्रैल, 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

वर्ष 2, अंक 63 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com

जानकी शिशु महाविहार
शिशु स्तर से पंचम स्तर तक
विशेषताएँ :-
• सी. सी. टी. वी. कैमरा की व्यवस्था
• स्मार्ट क्लास
• सभी रूट पर वाहन की व्यवस्था
• कंप्यूटर क्लास

## नालंदा में एनआईए-एटीएस की बड़ी रेड, छह ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी



रंजीत कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले में सोमवार की अहले सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और बिहार आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) की संयुक्त टीम ने कई स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। बिहारशरीफ शहर के पोस्ट ऑफिस मोड़ स्थित पीके गन हाउस एंड संस में सुबह करीब चार बजे से ही एजेंसियों की कार्रवाई शुरू हो गई। छापेमारी के दौरान पूरे इलाके को पुलिस बल ने घेर लिया और सुरक्षा के मद्देनजर आम लोगों की आवाजाही पर अस्थायी रोक लगा दी गई।

सूत्रों के अनुसार यह कार्रवाई अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त, हथियारों की तस्करी और उससे जुड़े संभावित नेटवर्क की जांच के सिलसिले में की जा रही है। जांच टीम गन हाउस में मौजूद हथियारों के लाइसेंस, स्टॉक रजिस्टर, बिक्री से जुड़े दस्तावेज तथा हथियारों के नंबरों की बारीकी से जांच कर रही है। पूरी कार्रवाई की वीडियो रिकॉर्डिंग भी कराई जा रही है ताकि जांच प्रक्रिया पारदर्शी रहे।

जानकारी के अनुसार नालंदा जिले में एक साथ छह ठिकानों पर छापेमारी की गई। जिन स्थानों पर एजेंसियों की टीम पहुंची, उनमें बिहारशरीफ के लहेरी थाना क्षेत्र स्थित पीके गन हाउस एंड संस, चीकसौरा थाना क्षेत्र का मिर्जापुर गांव, हिलसा थाना क्षेत्र का राममूर्ति नगर तथा इस्लामपुर थाना क्षेत्र का सकरी गांव प्रमुख रूप से शामिल हैं। इन स्थानों पर हथियारों की खरीद-बिक्री और उससे जुड़े लोगों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की संभावना जताई जा रही है।

बताया जा रहा है कि मिर्जापुर और राममूर्ति नगर का संबंध सत्येंद्र प्रसाद नामक व्यक्ति से जुड़ा हुआ है। सूत्रों के अनुसार उसका नाम पहले भी हथियारों की खरीद-फरोख्त के मामले में सामने आ चुका है और फिलहाल वह आर्म्स एक्ट के एक मामले में जेल में बंद बताया जा रहा है। इसी कड़ी में एजेंसियां उससे जुड़े संभावित नेटवर्क की जांच कर रही हैं।इस पूरे ऑपरेशन के लिए करीब सौ पुलिस अधिकारियों और जवानों की विशेष टीम बनाई गई थी। टीम ने तड़के ही सभी चिन्हित स्थानों



की घेराबंदी कर छापेमारी शुरू कर दी। खास बात यह रही कि इस कार्रवाई की जानकारी स्थानीय पुलिस को भी पहले से नहीं दी गई थी, जिससे ऑपरेशन को पूरी तरह गोपनीय रखा जा सके।

पीके गन हाउस के संचालक रामप्रवेश कुमार ने बताया कि सुबह करीब चार बजे ही जांच एजेंसियों की टीम उनके प्रतिष्ठान में जांच कर रही है। छापेमारी के दौरान हथियारों से संबंधित दस्तावेजों के अलावा मोबाइल फोन, हार्ड डिस्क तथा लेन-देन से जुड़े रजिस्टर को जब्त कर लिया गया है। फिलहाल एक टीम अभी भी जांच में जुटी हुई है।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी चार दिसंबर 2025 को एनआईए ने नालंदा में छापेमारी की थी। उस समय बिहारशरीफ के बारादरी मोहल्ले में मोहम्मद परवेज और भागन बीघा इलाके में राजेंद्र यादव के घर जांच एजेंसी की टीम पहुंची थी और उनसे पूछताछ की गई थी। इसके अलावा 23 जून 2025 को नालंदा पुलिस और विशेष कार्य बल की संयुक्त कार्रवाई में 717 जिंदा कारतूस बरामद किए गए थे। इस घटना के बाद से ही नालंदा जिला हथियार तस्करी नेटवर्क के शक के दायरे में आ गया था। फिलहाल एनआईए और एटीएस की छापेमारी जारी है और माना जा रहा है कि इस कार्रवाई से अवैध हथियारों के बड़े नेटवर्क से जुड़े कई अहम सुराग सामने आ सकते हैं।

## सोमवार और शुक्रवार को सरकारी कार्यालयों में आमजन की शिकायतें सुनेंगे अधिकारी




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।सोमवार को जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय तकनीकी और गैर-तकनीकी पदाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समन्वय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने डीपीओ आईसीडीएस और जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि “स्कूल चलो अभियान” के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में छह वर्ष पूरे कर चुके बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन नजदीकी प्राथमिक विद्यालयों में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि एक भी बच्चा नामांकन से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके लिए सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में छह वर्ष पूरे करने वाले बच्चों का मैपिंग और डाटाबेस तैयार किया जाएगा।

बैठक में बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय “सबका सम्मान–जीवन आसान” कार्यक्रम की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि आम लोगों को सरकारी कार्यालयों में अपनी समस्या के समाधान के लिए अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को पंचायत से लेकर जिला स्तर तक सभी सरकारी कार्यालयों में पदाधिकारी उपस्थित रहकर आम लोगों की शिकायतें सुनेंगे और उनका त्वरित निष्पादन करेंगे।

इसके साथ ही विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया गया। भूमि विवाद, राशन कार्ड निर्माण, नल-जल योजना की शिकायतों, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तथा जनता दरबार से संबंधित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने को कहा गया।

बैठक में गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारु रखने, अगलगी की घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई तथा बाढ़ से पूर्व तटबंधों की मरम्मत समय पर पूरा करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी और प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

## राजगीर रोपवे पर सात अप्रैल को आपदा बचाव अभ्यास, सुबह साढ़े ग्यारह तक परिचालन बंद

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल राजगीर स्थित आकाशीय रज्जुपथ (रोपवे) पर 7 अप्रैल 2026 को राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के साथ संयुक्त रूप से मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। यह अभ्यास सुबह 8:30 बजे से शुरू होगा। इसका मुख्य उद्देश्य किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित बचाव कार्य की तैयारी को परखना और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाना है।


जानकारी के अनुसार इस अभ्यास के दौरान रोपवे पर आपदा की काल्पनिक स्थिति बनाकर बचाव कार्य का अभ्यास किया जाएगा। इसमें राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम, स्थानीय प्रशासन तथा रोपवे प्रबंधन के कर्मचारी संयुक्त रूप से भाग लेंगे। इस दौरान यह देखा जाएगा कि किसी दुर्घटना या आपदा की स्थिति में यात्रियों को सुरक्षित निकालने के लिए किस प्रकार त्वरित कार्रवाई की जा सकती है।

रोपवे प्रबंधक दीपक कुमार ने बताया कि मॉक ड्रिल के कारण 7 अप्रैल को सुबह से ही



रोपवे का परिचालन अस्थायी रूप से बंद रहेगा। उन्होंने कहा कि सुबह 11:30 बजे तक या मॉक ड्रिल समाप्त होने तक पर्यटकों के लिए रोपवे सेवा स्थगित रखी जाएगी। ड्रिल समाप्त होने के बाद रोपवे का परिचालन पुनः सामान्य रूप से शुरू कर दिया जाएगा।

प्रशासन ने पर्यटकों और स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे इस दौरान सहयोग करें और निर्धारित समय के बाद ही रोपवे का उपयोग करें। इस तरह के अभ्यास से आपदा प्रबंधन की तैयारी मजबूत होती है और भविष्य में किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटने में मदद मिलती है।


SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
APPROVED RERA APPROVED APPROVED
Project Registration Number
BRERAP192001011025250432E00
from ₹4251 TO ₹4551/*sq.ft
60% Free Area
COMFORT, LUXURY WELLNESS
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

# राजगीर मलमास मेला बंदोबस्ती में संजय सिंह की सर्वाधिक बोली, मिला ठेका



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राजकीय मलमास मेला, राजगीर की बंदोबस्ती सोमवार को अनुमंडल कार्यालय के सभागार में खुली डाक प्रक्रिया के माध्यम से संपन्न कराई गई। इस प्रक्रिया में सर्वाधिक बोली लगाकर संजय कुमार सिंह ने मेला बंदोबस्ती हासिल कर ली।


मेला बंदोबस्ती को लेकर इस बार ठेकेदारों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। मुख्य रूप से दो गुटों ने बोली प्रक्रिया में भाग लिया, जिनमें पुराने ठेकेदार संजय कुमार सिंह और राकेश कुमार शामिल थे। प्रशासन द्वारा निर्धारित सुरक्षित राशि 7 करोड़ 30 लाख रुपये रखी गई थी। खुली डाक के दौरान संजय कुमार सिंह ने 7 करोड़ 32 लाख 41 हजार रुपये की सर्वोच्च बोली लगाई, जबकि राकेश कुमार ने 7 करोड़ 32 लाख 21 हजार रुपये तक बोली लगाई। इस प्रकार मात्र 20 हजार रुपये के अंतर से संजय कुमार सिंह को मेला की बंदोबस्ती मिल गई।पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। सभागार में केवल अधिकृत



पदाधिकारियों एवं डाक वक्ताओं को ही प्रवेश की अनुमति दी गई थी। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, नगर परिषद के मुख्य पार्षद, उपमुख्य पार्षद, कार्यपालक पदाधिकारी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि राजगीर का मलमास मेला धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। इस वर्ष मेला का आयोजन 17 मई से 15 जून तक प्रस्तावित है। इसके सफल संचालन को लेकर जिला प्रशासन लगातार समीक्षा बैठकें कर तैयारियों का जायजा ले रहा है तथा मेला क्षेत्र का निरीक्षण भी किया जा रहा है।










Kalope HOMES

All-in-One Home Solution

# Luxury Interior with RealPlast UPVC

Waterproof | Termite Proof | Fire Retardant | Zero Maintenance

**Material Partner:** REAL PLAST

RealPlast UPVC is a next-generation interior material that combines strength, safety, and luxury design.




## Modular Kitchen

✓ Cabinets, shutters, drawers



## TV Unit & Wall Panels

✓ Modern design, storage



## Wardrobes & Closets

✓ Sliding, swing, loft, drawers



## Bathroom Vanities

✓ Waterproof & hygienic

+91 74887 06578 www.kalopehomes.com Patna, Bihar

# सेवा, समर्पण और राष्ट्रवाद के संकल्प के साथ मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर नालंदा जिला कार्यालय में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर पार्टी का झंडोत्तोलन कर स्थापना दिवस को उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार विधान परिषद सदस्य नवल किशोर यादव तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह बिहारशरीफ विधानसभा के विधायक डॉ. सुनील कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश कुमार ने की, जबकि मंच संचालन जिला महामंत्री वीरेंद्र गोप ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत जिला अध्यक्ष राजेश कुमार के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने उपस्थित अतिथियों और कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए पार्टी की संगठनात्मक मजबूती पर प्रकाश डाला। इस दौरान डॉ. सुनील कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी की 47 वर्षों की यात्रा सेवा, समर्पण और संघर्ष की गौरवशाली गाथा है। उन्होंने कहा कि पार्टी 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मूल मंत्र के साथ समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है।

मुख्य अतिथि नवल किशोर यादव ने कहा कि भाजपा एक विचार आधारित संगठन है, जिसकी नींव राष्ट्रवाद, सुशासन और सेवा के सिद्धांतों पर टिकी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सुधीर सिंह, नीरज कुमार डब्लू, सावो देवी, तेजस्विता राधा, डॉ. आशुतोष कुमार, जिला मंत्री योगेंद्र कुमार मंडल, प्रवीण सिंह, राजीव कुमार, कोषाध्यक्ष डॉ. संध्या सिंहा, आईटी सेल संयोजक अमित शान, एससी मोर्चा अध्यक्ष मणिकांत पासवान तथा महिला मोर्चा संयोजक रुचि श्रीवास्तव सहित कई नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने पार्टी के सिद्धांतों और राष्ट्र सेवा के संकल्प को दोहराया

# जिला पार्षद कमलेश पासवान ने मेधावी छात्र ऋषि कुमार को किया सम्मानित



रंजीत कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा घोषित दसवीं परीक्षा के परिणाम में नालंदा जिले से एक प्रेरणादायक सफलता की कहानी सामने आई है। सीमित संसाधनों और साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि के बावजूद एक छात्र ने अपनी मेहनत और लगन से उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।

नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड अंतर्गत हरनौत पंचायत के कोलावाँ वार्ड संख्या 11 निवासी मनोज कुमार पासवान के पुत्र ऋषि कुमार ने बिहार बोर्ड की दसवीं परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 500 अंकों में 466 अंक प्राप्त किए हैं। ऋषि की इस सफलता से उनके परिवार के साथ-साथ पूरे गांव और क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

बताया जाता है कि ऋषि के पिता मनोज कुमार पासवान दूसरे प्रदेश में मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं, जबकि उनकी माता रीना देवी गृहणी हैं। आर्थिक रूप से सीमित साधनों के बावजूद ऋषि ने पढ़ाई में लगातार मेहनत की और अनुशासन के साथ अपनी तैयारी जारी रखी।

ऋषि कुमार श्री शंकर उच्च विद्यालय के छात्र हैं। उन्होंने अपनी पढ़ाई के साथ-साथ गोसाई मैथ स्थित स्मार्ट क्लासेस में कोचिंग लेकर बोर्ड परीक्षा की तैयारी की थी।

उनके इस शानदार परिणाम से शिक्षकों और गांव के लोगों में भी गर्व का माहौल है।

इस उपलब्धि पर जिला पार्षद कमलेश पासवान ने ऋषि कुमार को चांदी की पेन देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


ऋषि ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और सहयोगियों को देते हुए कहा कि सभी के मार्गदर्शन और सहयोग से ही वे इस मुकाम तक पहुंच पाए हैं












# जन्म-जन्म का साथ निभा गए दंपत्ति, पांच घंटे के अंतराल में दोनों की मौत




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के बेन थाना क्षेत्र से एक भावुक कर देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक बुजुर्ग दंपत्ति ने अपने जीवन के साथ-साथ मृत्यु में भी साथ निभाने की मिसाल पेश की। थाना क्षेत्र के बभनियावां गांव में पति-पत्नी की महज पांच घंटे के अंतराल पर मौत हो गई। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई है।

मिली जानकारी के अनुसार, महाबोधि कॉलेज नालंदा के सेवानिवृत्त लिपिक 71 वर्षीय अंबा महतो (पिता-स्वर्गीय जोधी महतो) पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। रविवार की रात करीब 9 बजे उन्होंने घर पर ही अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर मिलते ही परिवार और गांव में मातम छा गया।बताया जाता है कि पति की मौत का सदमा उनकी 70 वर्षीय पत्नी अमिरकी देवी सहन नहीं कर सकीं। पति के निधन के कुछ ही घंटों बाद उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजनों ने उन्हें संभालने की कोशिश की, लेकिन रात करीब 2 बजे उन्होंने भी दम तोड़ दिया। इस तरह महज पांच घंटे के भीतर पति-पत्नी दोनों की मौत हो गई।

एक ही रात में दंपत्ति की अर्थी उठने से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। ग्रामीणों का कहना है कि दोनों के बीच गहरा प्रेम और अटूट लगाव था। वे हमेशा साथ रहते थे और एक-दूसरे का ख्याल रखते थे।

सोमवार को दोनों का अंतिम संस्कार एक साथ किया गया। अंतिम यात्रा के दौरान गांव का माहौल गमगीन हो गया और कई लोगों की आंखें नम हो गईं।

इस घटना ने लोगों को भावुक कर दिया और सच्चे दांपत्य प्रेम की मिसाल बन गई।






# शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग, कई किसानों की गेहूं फसल जलकर राख



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के बेन प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विशुनपुर गांव में रविवार की शाम शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग ने कई किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। हाई वोल्टेज बिजली तार से निकली चिंगारी के कारण खलिहान और खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया।

आग की तेज लपटों से गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने बिना समय गंवाए साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए निजी पंपसेट, बाल्टी और अन्य संसाधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया। हालांकि, तब तक आधा दर्जन से अधिक किसानों की फसल जलकर पूरी तरह नष्ट हो चुकी थी।इस अगलगी की घटना में संतोष कुमार, अरुण चौधरी, महेंद्र प्रसाद, नरेश प्रसाद, नरेंद्र प्रसाद और शंकर राउत सहित कई किसानों को भारी नुकसान हुआ है। किसानों की साल भर की मेहनत कुछ ही पलों में राख में तब्दील हो गई, जिससे वे गहरे सदमे में हैं।

घटना की सूचना मिलते ही बेन थाना प्रभारी रविराज कुमार मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पीड़ित किसानों को हर संभव सहायता दिलाने का भरोसा दिया। वहीं, बिजली विभाग के कनीय अभियंता राहुल कुमार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है और नुकसान का आकलन कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।पीड़ित किसानों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है, ताकि वे इस आर्थिक क्षति से उबर सकें और अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें।












## संपादकीय

जे पी चौधरी



# पाखंड का कारोबार: तांत्रिक अशोक खरात का साम्राज्य और समाज की अंधविश्वास समस्या

देश में अंधविश्वास और पाखंड का कारोबार समय-समय पर अलग-अलग चेहरों के साथ सामने आता रहा है। महाराष्ट्र में इन दिनों ऐसे ही एक कथित तांत्रिक अशोक खरात का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। खुद को "कैप्टन" और लोगों का भविष्य बताने वाला यह व्यक्ति अब गंभीर आरोपों के चलते नासिक जेल में बंद है। इस घटना ने न केवल महाराष्ट्र की राजनीति बल्कि पूरे समाज में पाखंड और अंधविश्वास के बढ़ते प्रभाव पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जांच के दौरान पुलिस को अशोक खरात से जुड़े लगभग 58 आपत्तिजनक वीडियो मिले हैं। इन वीडियो के सामने आने के बाद राज्यभर में हड़कंप मच गया। कई वीडियो में महिलाओं के साथ अनुचित व्यवहार के आरोप सामने आए हैं। इसके साथ ही कुछ बड़े नेताओं और प्रसिद्ध व्यक्तियों के साथ उसकी तस्वीरें भी सामाजिक माध्यमों पर वायरल हुईं, जिससे मामला और अधिक चर्चा में आ गया। बताया जाता है कि वह नेताओं और प्रभावशाली लोगों का हाथ देखकर भविष्य बताने का दावा करता था।

खरात की तस्वीरें महाराष्ट्र के कुछ प्रमुख नेताओं के साथ भी सामने आई हैं। इस मामले में कुछ राजनीतिक व्यक्तियों के नाम भी चर्चा में आए, जिनमें से एक ने स्पष्ट किया कि उनका संबंध केवल सामाजिक कार्यक्रमों तक सीमित था और उन्हें इन आरोपों की जानकारी नहीं थी। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम ने यह स्पष्ट कर दिया कि किस प्रकार कथित तांत्रिक और बाबाओं के प्रभाव में समाज के बड़े और प्रभावशाली लोग भी आ जाते हैं।

अशोक खरात खुद को "कैप्टन" इसलिए कहता था क्योंकि उसका दावा था कि उसने 22 वर्षों तक समुद्री सेवा में काम किया और 150 से अधिक देशों की यात्रा की है। कुछ समय तक गायब रहने के बाद वह ज्योतिषी और तांत्रिक के रूप में सामने आया।

नासिक के मिरगांव इलाके में उसने एक आश्रम और ट्रस्ट स्थापित किया, जहां पूजा-पाठ और समस्याओं के समाधान के नाम पर लोगों को बुलाया जाता था।

जांच में यह भी सामने आया कि वह लोगों को प्रभावित करने के लिए कई तरह के छल-कपट का सहारा लेता था। नकली या रिमोट से नियंत्रित सांप दिखाकर चमत्कार का दावा करना, साधारण वस्तुओं को चमत्कारी बताकर ऊंचे दामों में बेचना और लोगों की आर्थिक स्थिति के अनुसार मोटी रकम मांगना उसकी कार्यशैली का हिस्सा था।

बताया जा रहा है कि उसने इस पाखंड के जरिए करोड़ों रुपये की संपत्ति अर्जित की। उसका साम्राज्य करीब 100 करोड़ रुपये का बताया जा रहा है और वह अमीर ग्राहकों से प्रति मुलाकात लाखों रुपये तक वसूलता था।

यह घटना केवल एक व्यक्ति की गिरफ्तारी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में फैले अंधविश्वास की गहरी जड़ें भी उजागर करती है। जब तक लोग बिना वैज्ञानिक सोच के चमत्कारों और तांत्रिक दावों पर विश्वास करते रहेंगे, तब तक ऐसे पाखंडी बार-बार जन्म लेते रहेंगे।

इसलिए जरूरत है जागरूकता, शिक्षा और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने की, ताकि समाज ऐसे छलावे से बच सके।

# भाजपा स्थापना दिवस पर जहानाबाद में आयोजित हुआ भव्य समारोह



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को जहानाबाद स्थित जिला कार्यालय में एक भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष धीरज कुमार ने की। इस अवसर पर उन्होंने स्थापना दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती और आगामी लक्ष्यों के प्रति सक्रिय रहने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व राज्यसभा सांसद प्रोफेसर राकेश सिन्हा उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा, संगठन की कार्यप्रणाली तथा राष्ट्र निर्माण में पार्टी के योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण ही संगठन की असली ताकत है, जिसके बल पर पार्टी निरंतर आगे बढ़ रही है।

कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री शुभम राज 'मीठू' ने किया। इस अवसर पर मंच पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश शर्मा, पूनम सिन्हा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामशुभक शर्मा, कुंदन कुमार तथा दामोदर प्रसाद सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

कार्यक्रम में जिले भर से आए जिला कमेटी के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा के पदाधिकारी तथा पंचायत से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की भागीदारी से कार्यक्रम में उत्साह और संगठनात्मक एकजुटता साफ दिखाई दी।

कार्यक्रम के अंत में जिला महामंत्री अनिल ठाकुर ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने तथा संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# जनता दरबार में पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान ने सुनी लोगों की शिकायतें




अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। सोमवार को जहानाबाद के पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आम नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता से सुना गया।

जनता दरबार में कुल 19 मामलों की शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें जमीन विवाद, आपसी मारपीट, पारिवारिक विवाद तथा अन्य स्थानीय समस्याएं शामिल थीं। अपनी-अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर पहुंचे लोगों ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष अपनी बात रखी।

पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान ने सभी फरियादियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता की शिकायतों का शीघ्र समाधान करना पुलिस की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस दौरान उन्होंने संबंधित थानों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों की जांच निष्पक्ष और शीघ्र की जाए तथा पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

जनता दरबार के आयोजन से लोगों को सीधे पुलिस अधीक्षक के समक्ष अपनी बात रखने का अवसर मिला, जिससे उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल देखने को मिली।

# निगरानी कार्रवाई के बाद थरथरी बीईओ फरार, एकंगरसराय बीईओ को मिला अतिरिक्त प्रभार

थरथरी (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के थरथरी प्रखंड की प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी पुष्पा कुमारी के खिलाफ निगरानी विभाग द्वारा प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद प्रशासन ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उनके बिना सूचना लंबे समय से अनुपस्थित रहने के कारण अब एकंगरसराय के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विजय शंकर प्रसाद को थरथरी का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया गया है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी आनंद विजय द्वारा जारी आदेश के अनुसार पुष्पा कुमारी 16 मार्च 2026 से बिना किसी सूचना के अनुपस्थित हैं। उनकी अनुपस्थिति के कारण थरथरी प्रखंड में शैक्षणिक कार्य और प्रशासनिक गतिविधियां प्रभावित हो रही थीं। इस स्थिति को देखते हुए व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि विजय शंकर प्रसाद अपने वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ थरथरी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के कार्यों का भी निर्वहन करेंगे, ताकि शिक्षा विभाग से जुड़े कार्य बाधित न हों और विद्यालयों का संचालन सुचारु रूप से चलता रहे।

बताया जाता है कि पुष्पा कुमारी के खिलाफ कार्रवाई उस समय हुई जब वे चंडी प्रखंड में प्रभार में थीं। एक शिक्षक को बकाया वेतन भुगतान के मामले में अवैध राशि की मांग की शिकायत मिलने पर निगरानी विभाग ने छापेमारी की थी। जांच के दौरान बीआरसी कार्यालय में कार्यरत एक बुनियादी शिक्षक को फोन पर पैसे लेने का निर्देश दिया गया था।

जैसे ही शिक्षक ने पैसे लिए, निगरानी टीम ने उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस घटना के बाद से ही प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी फरार बताई जा रही हैं और प्रशासन पूरे मामले की जांच में जुटा हुआ है।

# अनुमंडलीय बुनियाद केंद्र में एक माह तक होगा निःशुल्क नेत्र जांच और चश्मा वितरण



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। इस्लामपुर के अनुमंडलीय बुनियाद केंद्र में नवाचारी पहल के तहत एक माह तक चलने वाला विशेष नेत्र जांच एवं निःशुल्क चश्मा वितरण शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर सक्षम सामाजिक कल्याण विभाग तथा राज्य स्वास्थ्य समिति के संयुक्त अभियान के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य हिलसा अनुमंडल क्षेत्र के दृष्टि दोष से पीड़ित लोगों को बेहतर नेत्र जांच सुविधा उपलब्ध कराना तथा जरूरतमंद लाभार्थियों को निःशुल्क चश्मा प्रदान करना है।

बुनियाद केंद्र के प्रबंधक सुशांत डे ने बताया कि इस विशेष अभियान के तहत सभी आयु वर्ग के लोगों की आंखों की जांच की जा रही है। शिविर में विशेषज्ञों की टीम द्वारा नेत्र जांच, स्क्रीनिंग तथा आवश्यक परामर्श दिया जा रहा है। जांच के बाद जिन लाभार्थियों को चश्मे की आवश्यकता होगी, उन्हें निःशुल्क चश्मा उपलब्ध कराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि लाभार्थियों को तीन प्रकार के चश्मे दिए जाएंगे। इसमें पहला सिंगल विजन चश्मा, दूसरा प्लेनो बाइफोकल चश्मा तथा तीसरा चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार आरएक्स चश्मा शामिल है। सभी चश्मे पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। इस शिविर का लाभ लेने के लिए लाभार्थियों को केवल आधार कार्ड की छायाप्रति तथा अपना मोबाइल नंबर उपलब्ध कराना अनिवार्य किया गया है।



प्रबंधक ने बताया कि यह विशेष अभियान एक माह तक चलाया जाएगा, जिसके दौरान करीब 1200 चश्मा वितरण का लक्ष्य रखा गया है। प्रतिदिन औसतन 40 से 60 लोगों की नेत्र जांच कर उन्हें आवश्यकतानुसार चश्मा प्रदान करने की योजना बनाई गई है। इस पहल से क्षेत्र के गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को काफी लाभ मिलने की उम्मीद है।

उन्होंने जीविका दीदियों, विकास मित्रों तथा जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के जरूरतमंद लोगों को इस शिविर से जोड़ें, ताकि अधिक से अधिक लोग इस सुविधा का लाभ उठा सकें।

इस अभियान को सफल बनाने में बुनियाद केंद्र के कर्मियों की अहम भूमिका है। इसमें एडमिन सह लेखा सहायक ममता कुमारी, ऑडियोलॉजिस्ट रविकेश कुमार, फिजियोथेरेपिस्ट आदित्य कुमार, स्पीच एवं हियरिंग तकनीशियन सुप्रिया रानी, मोबिलिटी इंस्ट्रक्टर अंजनी कुमारी तथा केयर गिवर अर्चना कुमारी सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। यह पहल इस्लामपुर और हिलसा अनुमंडल क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों के लिए काफी लाभकारी साबित हो रही है।

# कम राशन की शिकायत पर महिला के घर घुसकर मारपीट, जान से मारने की धमकी

थरथरी (अपना नालंदा)। थरथरी प्रखंड में राशन कम मिलने की शिकायत करना एक परिवार को भारी पड़ गया। शिकायत से नाराज डीलर और उसके साथियों पर घर में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा है। इस घटना को लेकर इलाके में चर्चा का माहौल है।पीड़ित महिला अंजू देवी ने थरथरी थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में उन्होंने बताया कि वह अपने घर पर मौजूद थीं, तभी राशन डीलर राजकपूर, शिवम कुमार समेत पांच-छह लोग अचानक उनके घर पहुंच गए। आरोप है कि सभी ने गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट की और परिवार के अन्य सदस्यों को भी डराने-धमकाने लगे।महिला ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपियों ने देशी कट्टा दिखाकर उनके बेटे को जान से मारने की धमकी दी। इस घटना से पूरा परिवार भयभीत है। पीड़िता के अनुसार कुछ दिन पहले राशन वितरण के दौरान डीलर द्वारा कम अनाज दिया गया था, जिसकी शिकायत उन्होंने की थी। इसी बात से नाराज होकर डीलर और उसके साथियों ने उनके घर पर आकर मारपीट और धमकी की घटना को अंजाम दिया।घटना के बाद पीड़िता ने थाने में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और दोषी पाए जाने पर संबंधित लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# नालंदा विश्वविद्यालय और साउथ एशियन यूनिवर्सिटी के बीच शैक्षणिक सहयोग की नई शुरुआत




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। सोमवार को राजगीर स्थित नालंदा विश्वविद्यालय परिसर में नालंदा विश्वविद्यालय और साउथ एशियन यूनिवर्सिटी के बीच शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते पर साउथ एशियन यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष प्रोफेसर के. के. अग्रवाल और नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर कई विशिष्ट अतिथि, विषय विशेषज्ञ, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, मीडिया प्रतिनिधि तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रोफेसर के. के. अग्रवाल ने कहा कि यह साझेदारी दोनों विश्वविद्यालयों के बीच शैक्षणिक और शोध सहयोग को नई मजबूती प्रदान करेगी। इससे विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए नए अवसर खुलेंगे तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ज्ञान के आदान-प्रदान को भी बढ़ावा मिलेगा। वहीं नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने इसे एक महत्वपूर्ण और प्रभावशाली पहल बताते हुए कहा कि इस सहयोग का मुख्य उद्देश्य दोनों संस्थानों की समृद्ध शैक्षणिक परंपराओं और अनुभवों का लाभ विद्यार्थियों तक पहुँचाना है।

इस समझौते के तहत दोनों विश्वविद्यालय संयुक्त शोध निर्देशन, शिक्षण कार्यक्रम, संगोष्ठी और सम्मेलन आयोजित करेंगे। इसके अलावा शोध पत्रों के प्रकाशन, पोस्ट-डॉक्टोरल अवसरों के सृजन, संकाय सदस्यों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों के आदान-प्रदान तथा शैक्षणिक संसाधनों और शोध सामग्री के साझा उपयोग को भी बढ़ावा दिया जाएगा। इससे दोनों संस्थानों के बीच शैक्षणिक संबंध और अधिक मजबूत होंगे।

गौरतलब है कि नालंदा विश्वविद्यालय और साउथ एशियन यूनिवर्सिटी, दोनों ही भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के अधीन संचालित प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय संस्थान हैं, जो अपनी वैश्विक पहचान और उच्च शैक्षणिक मानकों के लिए जाने जाते हैं।

इधर नालंदा विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा 4 से 6 अप्रैल 2026 तक वार्षिक अर्थशास्त्र महोत्सव "अर्थ-नालंदा 2026" का भी सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन का विषय कृत्रिम बुद्धिमत्ता और बदलता आर्थिक परिदृश्य रहा। कार्यक्रम में विभिन्न व्याख्यान, वाद-विवाद प्रतियोगिताएं और शैक्षणिक चर्चाएं आयोजित की गईं, जिनमें विशेषज्ञों ने वैश्विक अर्थव्यवस्था पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रभाव पर विस्तार से विचार साझा किए।

इस महोत्सव में पूर्व केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी, विश्व बैंक के सलाहकार डॉ. दीपक मिश्रा, साउथ एशियन यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष प्रो. के. के. अग्रवाल, नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सचिन चतुर्वेदी, वरिष्ठ पत्रकार अनिलेश महाजन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्षेत्र के विशेषज्ञ सिद्धार्थ शंकर सहित कई प्रतिष्ठित वक्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों और शिक्षाविदों को समकालीन आर्थिक विषयों पर विचार-विमर्श का एक सशक्त मंच प्रदान किया।



# प्रदुमन कुमार के जदयू नगर जिला अध्यक्ष बनने पर भव्य सम्मान समारोह हुआ आयोजित




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिला तैलिक वैश्य महासभा की सोहसराय इकाई की ओर से जनता दल यूनाइटेड के नव मनोनीत नगर जिला अध्यक्ष प्रदुमन कुमार के सम्मान में भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बिहारशरीफ स्थित राज पैलेस में बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में समाज के कई गणमान्य लोग, संगठन के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिवंश प्रसाद ने की, जबकि मंच संचालन शिक्षक अमित कुमार ने किया। समारोह की शुरुआत अतिथियों के स्वागत और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान के साथ की गई। इस दौरान वक्ताओं ने प्रदुमन कुमार को नगर जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह न केवल उनके लिए बल्कि पूरे समाज और संगठन के लिए गर्व की बात है।

वक्ताओं ने कहा कि प्रदुमन कुमार लंबे समय से सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं। वे एक कर्मठ, जुझारू और समर्पित कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते हैं। उनके नेतृत्व में संगठन और पार्टी को निश्चित रूप से मजबूती मिलेगी। उपस्थित लोगों ने उम्मीद जताई कि वे अपने अनुभव और मेहनत के बल पर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

अपने संबोधन में प्रदुमन कुमार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने उन पर जो भरोसा जताया है, उसे वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता दल यूनाइटेड की विचारधारा और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास मॉडल को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी।

उन्होंने आगे कहा कि संगठन को मजबूत करना, कार्यकर्ताओं को सम्मान देना और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास करना उनका मुख्य लक्ष्य रहेगा। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव इंजीनियर सुनील कुमार सहित सभी वरिष्ठ नेताओं, सांसदों, विधायकों और विधान पार्षदों के मार्गदर्शन में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प व्यक्त किया।

प्रदुमन कुमार ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है, वह केवल एक पद नहीं बल्कि समाज और पार्टी की सेवा का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे पार्टी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करते हुए आम लोगों की समस्याओं को सुनेंगे और उनके समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे।

इस अवसर पर तैलिक वैश्य समाज के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि समाज के बीच से निकलकर नेतृत्व की भूमिका निभाने वाले लोगों का सम्मान करना समाज की परंपरा रही है। ऐसे आयोजनों से सामाजिक एकता और संगठन की मजबूती को बढ़ावा मिलता है।समारोह के दौरान संगठन के सदस्य ऋतिक, मोनी कुमार, अजय शिक्षक सहित कई अन्य गणमान्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और प्रदुमन कुमार को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में धनंजय कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

अंत में सभी उपस्थित लोगों ने एकजुट होकर संगठन और पार्टी को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। उत्साह और सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित यह समारोह सामाजिक एकता और राजनीतिक सक्रियता का प्रतीक बनकर सामने आया।

बिहार सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
PURE
Mob.:- 6203960879
8581921891
श्री साई मिनरल वाटर एवं डिस्टीलवाटर
ठंडा-ठंडा, कुल-कुल
नोट:- शादी,पार्टी एवं एवं अन्य उत्सव में ऑर्डर के लिए सम्पर्क करें।
शिवपुरी, रामचन्द्रपुर, बिहार शरीफ (नालन्दा)

### कायस्थों ने सदा समाज को दी है सही दिशा : डॉ. प्रेम कुमार

# कायस्थों का समाज और देश के निर्माण में योगदान महत्वपूर्ण : सम्राट चौधरी




पटना(अपना नालंदा)। ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस के तत्वावधान में रविवार को पटना में आयोजित महादेवी वर्मा सम्मान समारोह ने सामाजिक, बौद्धिक और सांस्कृतिक एकजुटता का एक प्रभावशाली उदाहरण प्रस्तुत किया। देश ही नहीं अन्य देशों से आए प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने इस आयोजन को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया।

इस गरिमामयी समारोह में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ.प्रेम कुमार, बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार, रामकृपाल यादव, पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद , पूर्व मंत्री श्याम रजक, ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, जीकेसी की प्रबंध न्यासी रागिनी रंजन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता कमल किशोर एवं समाज के विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ट प्रतिनिधि शामिल हुए ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कायस्थ समाज की ऐतिहासिक भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि संख्या में कम होने के बावजूद इस समाज ने राष्ट्र और समाज की प्रगति में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कायस्थ समाज के ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह समाज सदियों से शिक्षा, प्रशासन और बौद्धिक नेतृत्व के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। कायस्थ समाज ने प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने, शिक्षा के प्रसार तथा समाज में बौद्धिक चेतना जागृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि कायस्थ समाज की सबसे बड़ी विशेषता उसकी शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता रही है, जिसके कारण इस समाज ने देश को अनेक विद्वान, लेखक और कुशल प्रशासक दिए हैं। उन्होंने कहा कि कायस्थ समाज और महादेवी वर्मा के योगदान को एक साथ देखने पर यह स्पष्ट होता है कि जहां एक ओर समाज ने ज्ञान और प्रशासन के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में भूमिका निभाई, वहीं महादेवी वर्मा ने साहित्य और विचारों के माध्यम से समाज को नई दिशा प्रदान की।

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि कायस्थ समाज ने सीमित संख्या बल के बावजूद राष्ट्र निर्माण में असाधारण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि यह समाज आज भी अपनी बौद्धिक क्षमता और नेतृत्व कौशल के माध्यम से देश और समाज को दिशा देने का कार्य कर रहा है। उन्होंने इस परंपरा को और मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कायस्थों ने हमेशा समाज को दिशा देने का कार्य किया है और हर दौर में बौद्धिक नेतृत्व प्रदान किया है। उनके अनुसार राजनीति से लेकर कला, संस्कृति, कानून, साहित्य, शिक्षा, उद्यमिता और पत्रकारिता जैसे सभी क्षेत्रों में कायस्थ समाज की सक्रिय और प्रभावशाली भागीदारी रही है, जो इसे विशिष्ट बनाती है।

जीकेसी के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने बताया कि संगठन आज विश्व के 26 देशों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुका है और भारत के अधिकांश राज्यों में इसका विस्तार हो चुका है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में संगठन को और सशक्त बनाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

समारोह का मुख्य आकर्षण चार विशिष्ट विभूतियों को “लाइफटाइम अचीवमेंट स्मृति शिखर सम्मान” प्रदान किया जाना रहा। इस सम्मान से अवकाश प्राप्त आईएएस अधिकारी एवं बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश, नेपाल के सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश गिरीश चंद्र लाल, मेजर जनरल अनुज माथुर तथा पूर्व आईएएस अधिकारी एवं साहित्यकार श्याम जी सहाय को सम्मानित किया गया। इन सभी विभूतियों को उनके दीर्घकालिक योगदान, प्रशासनिक दक्षता, साहित्यिक साधना और समाज सेवा के लिए सम्मानित किया गया, जिसने समारोह को और अधिक गरिमामय बना दिया।

इसके साथ ही 22 प्रतिभाशाली विभूतियों को “महादेवी वर्मा सम्मान” से नवाजा गया। इन सम्मानित विभूतियों में रंजीत कर्ण, रंजन राज, मुकेश कुमार सिंह, डॉ. उर्मिला श्रीवास्तव, अरविंद कुमार गौतम, अवनीश श्रीवास्तव, रीना सोपम, डॉ. रीता दास, डॉ. सुनील कुमार चंपारनी, श्वेतांक सेल्कवाल, कुमकुम गौड़, डॉ. सरिता श्रीवास्तव, डॉ. सुशील भारती, प्रो. रणविजय सिन्हा, संतोष सुमन, उदय श्रीवास्तव, डॉ. उर्वशी श्रीवास्तव, डॉ. शिखा भटनागर, सुभाषिनी स्वरूप, डॉ. भवानी शारदे तथा डॉ. निशा पाराशर सहित अन्य नाम शामिल रहे। इन सभी को कला, संस्कृति, कानून, साहित्य, शिक्षा, राजनीति विज्ञान, उद्यमिता और पत्रकारिता जैसे विविध क्षेत्रों में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में संगठनात्मक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण चर्चाएं हुईं।

# रिलीज होते ही छाया शिल्पी राज का नया भोजपुरी गीत "प्राइवेट बलमुआ"



पटना (अपना नालंदा)। भोजपुरी संगीत जगत की लोकप्रिय गायिका शिल्पी राज का नया गीत "प्राइवेट बलमुआ" रिलीज होते ही दर्शकों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो गया है। अल्फा बीट भोजपुरी से जारी इस गीत ने यूट्यूब पर आते ही दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। गाने को सोशल मीडिया पर भी खूब पसंद किया जा रहा है और इस पर बड़ी संख्या में रील्स बन रही हैं। इससे साफ है कि भोजपुरी श्रोताओं के बीच मनोरंजक और मधुर गीतों की मांग लगातार बनी हुई है।

गीत की खासियत इसकी आकर्षक धुन, सरल और चटपटे बोल हैं। प्रभु विष्णुपुरी द्वारा लिखे गए बोल आसानी से लोगों की जुबान पर चढ़ रहे हैं, वहीं चमन सिंह का संगीत गीत को और भी प्रभावशाली बनाता है। शिल्पी राज की जोशीली आवाज़ ने इस गीत को अलग पहचान दी है, जिसके कारण श्रोता इसे बार-बार सुनना पसंद कर रहे हैं।गीत को लेकर शिल्पी राज ने कहा कि "प्राइवेट बलमुआ" एक बेहद मनोरंजक और प्यारा गीत है। उन्होंने बताया कि रिकॉर्डिंग के समय ही उन्हें विश्वास था कि यह गीत श्रोताओं को जरूर पसंद आएगा। उन्होंने अपने प्रशंसकों और भोजपुरी संगीत प्रेमियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दर्शकों के प्यार से ही कलाकारों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।वीडियो में विजय चौहान और श्वेता सेन की जोड़ी दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। दोनों कलाकारों के नृत्य और भाव-भंगिमा ने गीत को और आकर्षक बना दिया है। वीडियो का निर्देशन और नृत्य संयोजन हनी पांडेय ने किया है, जबकि छायांकन रवि ठाकुर और राहुल सिंह का है। निर्माता राजन सिंह तथा परियोजना प्रमुख राघवेंद्र प्रताप सिंह हैं। यह गीत इन दिनों भोजपुरी संगीत प्रेमियों की पसंद बनता जा रहा है।

# बेलपत्र खाकर साधना पूरी करते हैं तपस्वी योगी बर्फानी दास बाबा




पटना (अपना नालंदा)। देश में साधना और तपस्या की परंपरा सदियों से चली आ रही है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाने वाले एक महान तपस्वी योगी बर्फानी दास बाबा हैं, जिनकी साधना और आध्यात्मिक जीवन लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रहा है। बताया जाता है कि वे महान संत देवराहा बाबा के शिष्य हैं और कठोर तपस्या के लिए दूर-दूर तक जाने जाते हैं।योगी बर्फानी दास बाबा अपने अद्भुत साधना जीवन के कारण श्रद्धालुओं के बीच विशेष पहचान रखते हैं। जानकारी के अनुसार उन्होंने भारत ही नहीं बल्कि ऑस्ट्रेलिया सहित कई देशों की यात्रा कर आध्यात्मिक संदेश का प्रचार-प्रसार किया है। उनके जीवन का मुख्य उद्देश्य लोगों को आध्यात्मिक मार्ग की ओर प्रेरित करना और धर्म के प्रति जागरूकता फैलाना है।

बाबा की साधना पद्धति भी काफी कठिन मानी जाती है। बताया जाता है कि वे चार महीने तक अग्नि के धुएं के बीच और सिर पर खप्पर में अग्नि जलाकर साधना करते हैं। इसके अलावा वे नौ दिनों तक जमीन के भीतर रहकर भी तपस्या करते हैं, जो अत्यंत कठिन साधना मानी जाती है।

सावन के पवित्र महीने में बाबा केवल बेलपत्र का सेवन कर अपनी साधना पूर्ण करते हैं। इसके साथ ही वे बर्फ पर बैठकर भी तपस्या करते हैं और तब तक ध्यान में लीन रहते हैं जब तक बर्फ पूरी तरह पिघल नहीं जाती।

ऐसे महान योगी और तपस्वी का जन्म समाज और दुनिया के लिए गर्व की बात माना जाता है। श्रद्धालु उनके चरणों में नमन करते हुए उनकी कृपा और आशीर्वाद की कामना करते हैं।

# मेहत्रावां गांव में छापेमारी, दस लीटर देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार

थरथरी (अपना नालंदा)। स्थानीय थाना क्षेत्र के मेहत्रावां गांव में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर दस लीटर देसी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में अवैध शराब कारोबारियों के बीच हड़कंप मच गया।

थानाध्यक्ष साजिद अख्तर ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मेहत्रावां गांव में कुछ लोग अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहे हैं। सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई करते हुए एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम में अपर थानाध्यक्ष बलिन्द्र प्रसाद तथा पुलिस पदाधिकारी नवीन प्रकाश द्विवेदी सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान दस लीटर देसी शराब बरामद की गई। इसी दौरान पुलिस ने मौके से मेहत्रावां निवासी सुखदेव जमादार के पुत्र विकास कुमार को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद शराब को जब्त कर लिया गया है और गिरफ्तार युवक के खिलाफ बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

उन्होंने कहा कि अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा और इसमें किसी भी तरह की संलिप्तता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने लोगों से भी अपील की है कि यदि कहीं अवैध शराब के निर्माण या बिक्री की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# हरनौत की सभी पंचायतों में चौथे चरण में लगेंगी सोलर स्ट्रीट लाइट



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। ग्रामीण क्षेत्रों की गलियों और सड़कों को रोशनी से जगमग करने के उद्देश्य से शुरू की गई मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना का लाभ अब हरनौत प्रखंड के सभी पंचायतों तक पहुंचने जा रहा है। चौथे चरण के अंतर्गत प्रखंड की सभी 16 पंचायतों के शेष वार्डों में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाई जाएगी, जिससे गांव की गलियां भी शहरों की तरह दूधिया रोशनी से चमक उठेंगी।

इस योजना की शुरुआत वर्ष 2022 में की गई थी। प्रारंभिक चरण में बराह पंचायत समेत कुछ अन्य पंचायतों के विभिन्न वार्डों का चयन कर वहां सोलर स्ट्रीट लाइट लगाई गई थी। इसके बाद क्रमशः अन्य चरणों में भी पंचायतों के कई वार्डों में लाइटें स्थापित की गईं। अब चौथे चरण में बची हुई वार्डों में भी यह सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी (बीपीआरओ) उमेश कुमार ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि पहले तीन चरणों में पंचायतों के वार्ड संख्या 1 से 12 तक के क्षेत्रों में हजारों सोलर स्ट्रीट लाइट लगाए जा चुके हैं। पहले चरण में वार्ड संख्या 1 से 4, दूसरे चरण में 5 से 8 तथा तीसरे चरण में 9 से 12 तक के वार्डों में लाइटें लगाई गई थीं। प्रत्येक वार्ड में दस-दस सोलर स्ट्रीट लाइट लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त पंचायत के जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा पर दस अतिरिक्त लाइटें सार्वजनिक स्थलों पर लगाने की भी व्यवस्था की गई थी।

उन्होंने बताया कि चौथे चरण में पंचायतों के वार्ड संख्या 13 एवं उससे आगे के वार्डों में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य किया जा रहा है। इससे गांवों की गलियों, चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर रात के समय पर्याप्त रोशनी उपलब्ध होगी, जिससे लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और सुरक्षा भी बढ़ेगी।

बीपीआरओ ने बताया कि योजना के तहत चयनित एजेंसी को पांच वर्षों तक लाइटों के रखरखाव और मरम्मत की जिम्मेदारी दी गई है। यदि किसी स्थान पर सोलर लाइट खराब हो जाती है तो उसे तत्काल ठीक करना एजेंसी की जिम्मेदारी होगी। खराब लाइट की सूचना देने के लिए टॉल फ्री नंबर 1800-3092-849 जारी किया गया है। इस नंबर पर जिला परिषद सदस्य, मुखिया, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य, पंच अथवा कोई भी आम नागरिक सूचना दे सकता है।

उन्होंने बताया कि लाइटों की निगरानी के लिए सेंसर प्रणाली भी लगाई गई है, जिससे केन्द्रीयकृत अनुश्रवण प्रणाली के माध्यम से लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।

योजना के तहत भुगतान की व्यवस्था भी निर्धारित है, जिसमें राज्य योजना मद से 25 प्रतिशत तथा 15वीं वित्त आयोग से 45 प्रतिशत राशि का भुगतान किया जाता है।

शेष 30 प्रतिशत राशि पांच वर्षों तक रखरखाव कार्य के आधार पर प्रतिवर्ष छह प्रतिशत की दर से दी जाती है।

यदि कार्य एजेंसी द्वारा मेंटेनेंस में लापरवाही बरती जाती है तो उसकी भुगतान राशि रोकी भी जा सकती है।

# हिलसा में तेजी से फैल रहा सूखा नशा, युवाओं का भविष्य खतरे में



हिलसा (अपना नालंदा)। हिलसा शहर तथा आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों सूखा नशा का प्रचलन तेजी से बढ़ता जा रहा है। यह प्रवृत्ति खासकर युवाओं और स्कूली छात्रों के बीच चिंता का विषय बनती जा रही है। गोंद, सॉल्यूशन, व्हाइटनर, टैबलेट और इंजेक्शन जैसे नशीले पदार्थों का सेवन कर कई युवा अपनी जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो आने वाले समय में स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।

सूखा नशा के कारण इलाके में कई युवाओं की जान भी जा चुकी है। बीते 22 मार्च को देवनगर मोहल्ला स्थित एक खंडहरनुमा मकान से दवौल गांव निवासी राजकुमार शर्मा के 30 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार का शव बरामद किया गया था। प्रारंभिक जांच में उसकी मौत नशे के ओवरडोज से होने की आशंका जताई गई थी। घटनास्थल से भारी मात्रा में प्रतिबंधित इंजेक्शन की खाली शीशियां और सिरिंज भी बरामद की गई थीं, जिससे यह साफ संकेत मिला कि वहां नशा करने वालों का जमावड़ा लगता था।

स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि कुछ महीने पहले शहर के एक मिठाई दुकानदार और एक ठेकेदार के पुत्र की मौत के पीछे भी सूखा नशा की भूमिका रही है। हालांकि इन मामलों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है, लेकिन लगातार हो रही घटनाओं से लोगों में डर और चिंता का माहौल बना हुआ है।

स्थानीय लोगों के अनुसार शहर के कई स्थानों पर नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। इनमें एसयू कॉलेज का जर्जर हॉस्टल, महिला कॉलेज का जर्जर भवन, देवनगर का।

खंडहरनुमा मकान, पेट्रोल पंप के आसपास का इलाका, एकंगरसराय रोड, रामबाबू हाई स्कूल मैदान के पूर्वी भाग, सूर्य मंदिर परिसर, ईदगाह के आसपास तथा योगीपुर रोड जैसे स्थान शामिल हैं। इन जगहों पर सुबह से लेकर देर रात तक युवाओं का समूह नशीले पदार्थों का सेवन करता देखा जाता है।

लोगों का आरोप है कि प्रखंड क्षेत्र में ब्राउन शुगर, गांजा, चरस और इंजेक्शन जैसे नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री भी हो रही है। इसके कारण किशोर और युवा तेजी से इसकी चपेट में आ रहे हैं, जिससे उनका भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। नशे की लत के कारण चोरी, छिनतई और अन्य आपराधिक घटनाओं में भी वृद्धि देखी जा रही है।

इस संबंध में हिलसा थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि पुलिस द्वारा संदिग्ध स्थानों पर लगातार गश्ती की जा रही है और नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार पर नजर रखी जा रही है।

वहीं एसडीओ अमित कुमार पटेल ने कहा कि इस तरह के अवैध धंधों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस को भी इस मामले में लगातार अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है, ताकि युवाओं को इस बुरी लत से बचाया जा सके

# रहुई में 2027 जनगणना की तैयारी तेज, अप्रैल से शुरू होगा पहला चरण



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के रहुई प्रखंड में 16वीं जनगणना 2027 को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इस महत्वपूर्ण कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी धर्मराज कुमार ने बताया कि जनगणना का कार्य दो चरणों में पूरा किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में जनगणना कार्य के लिए कुल 46 पर्यवेक्षक और 264 प्रगणकों की नियुक्ति की गई है। ये सभी कर्मी निर्धारित क्षेत्रों में घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करेंगे। जनगणना का पहला चरण 1 अप्रैल से 30 सितंबर तक चलेगा। इस दौरान मकानों की गणना, आवासीय स्थिति, भवन की प्रकृति तथा अन्य आधारभूत जानकारियों का संकलन किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त 17 अप्रैल से 1 मई तक लोगों को स्व-गणना की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इस व्यवस्था के तहत नागरिक स्वयं जनगणना पोर्टल के माध्यम से अपनी और अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इससे जनगणना प्रक्रिया को अधिक सरल और पारदर्शी बनाने में सहायता मिलेगी।वहीं दूसरा चरण फरवरी 2027 में आयोजित किया जाएगा। इस चरण में प्रगणक घर-घर जाकर परिवार के मुखिया से कुल 33 प्रकार के प्रश्न पूछेंगे, जिनके आधार पर जनसंख्या से जुड़ी विस्तृत जानकारी एकत्र की जाएगी।जनगणना कार्य को प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के लिए 13 अप्रैल को रहुई प्रखंड में सभी पर्यवेक्षकों और प्रगणकों का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। प्रशासन का कहना है कि जनगणना से जुड़े सभी कार्य पूरे होने के बाद अंतिम आंकड़े 1 मार्च 2027 को जारी किए जाएंगे।

# गजेंद्र विगहा गांव में फरार आरोपियों के घर पुलिस ने की कुर्की-जब्ती

हिलसा (अपना नालंदा)। हिलसा व्यवहार न्यायालय के आदेश के आलोक में सोमवार को हिलसा थाना पुलिस ने गजेंद्र विगहा गांव में फरार आरोपियों के घर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की। यह कार्रवाई जमीन विवाद से जुड़े पैसों के लेन-देन के एक पुराने मामले में की गई। न्यायालय के आदेश के बावजूद आरोपी लगातार पेश नहीं हो रहे थे, जिसके बाद पुलिस को यह कदम उठाना पड़ा।

मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2022 में जमीन विवाद से जुड़े पैसे के लेन-देन के मामले में हिलसा थाना में एक कांड दर्ज किया गया था। इस मामले में स्वर्गीय बाल गोविंद प्रसाद के पुत्र अरविंद कुमार तथा उनके पुत्र कौशल कुमार को आरोपी बनाया गया था। पुलिस द्वारा कई बार नोटिस और वारंट जारी किए जाने के बावजूद दोनों आरोपी न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे थे और लगातार फरार चल रहे थे।

हिलसा अपर थाना अध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि न्यायालय के निर्देश के बाद सोमवार को प्रशासनिक टीम गजेंद्र विगहा गांव पहुंची। इस कार्रवाई का नेतृत्व अंचलाधिकारी मो. इकबाल अनवर ने किया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में विधि-सम्मत तरीके से कुर्की-जब्ती की कार्रवाई पूरी की गई।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपियों के घर से कई घरेलू और कृषि उपयोग के सामान जब्त किए। जब्त किए गए सामानों में बक्सा, ड्रम, चारा काटने की मशीन, पीटर, चौकी, टेबल, दरवाजा सहित अन्य सामग्री शामिल हैं। सभी सामानों को जब्त कर थाना लाया गया है और विधिक प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है।

अपर थाना अध्यक्ष ने बताया कि न्यायालय के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि यदि आरोपी जल्द ही न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करते हैं तो आगे भी कानूनी प्रक्रिया के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधिकारियों ने यह भी बताया कि फरार आरोपियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। न्यायालय के आदेशों का पालन कराना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# हरनौत के सवनहुआ विद्यालय में विदाई समारोह, 26 विद्यार्थियों को मिला टीसी



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। हरनौत नगर पंचायत क्षेत्र स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय सवनहुआ में सोमवार को कक्षा आठ के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सत्र 2025-26 में उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को स्थानांतरण प्रमाण पत्र (टीसी) प्रदान कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।

समारोह में कक्षा एक से लेकर कक्षा आठ तक के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें आगे की पढ़ाई में मेहनत और अनुशासन बनाए रखने की सलाह दी।

प्रधानाध्यापक सह यूआरसी के संकुल समन्वयक राजाराम पासवान ने बताया कि इस वर्ष कक्षा आठ में उत्तीर्ण सभी 26 छात्र-छात्राओं को विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र वितरित किया गया है। उन्होंने कहा कि बच्चों की सफलता विद्यालय के लिए गर्व की बात है और उम्मीद है कि वे आगे भी शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करेंगे।उन्होंने यह भी जानकारी दी कि नए शैक्षणिक सत्र की कक्षाएं शुरू कर दी गई हैं। शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 6 अप्रैल से 31 मई तक विद्यालय का संचालन सुबह 6:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक किया जाएगा।प्रधानाध्यापक ने बताया कि नए सत्र 2026-27 में कक्षा आठ में छात्रों की संख्या में वृद्धि हुई है। इस वर्ष कुल 47 छात्र-छात्राओं का नामांकन हुआ है, जिससे विद्यालय में पढ़ाई के प्रति बढ़ती रुचि का पता चलता है।

इस अवसर पर जीतेंद्र कुमार, रवि शंकर, रमेश वर्मा, संजू, सीमा, विशाल, मुस्कान और अंशु सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।


www.apnanalanda.com
अपना नालन्दा
अपना शहर, अपना खबर
नालन्दा का नंबर 1 अखबार
BREAKING NEWS
Friday, November 25, 2025
अपना नालंदा
अपना नालन्दा में विज्ञापन देकर
अपने व्यवसाय को दे नई पहचान
नालन्दा की जनता की आवाज
अपने क्षेत्र की खबर भेजने
ओर विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।
9031468165
9608311251
विज्ञापन दरें (प्रथम वर्षगांठ विशेष पैकेज)
फुल पेज विज्ञापन – ₹10,000/-
हाफ पेज विज्ञापन – ₹5,000/-
क्वार्टर पेज विज्ञापन – ₹3,000/-
संपर्क करें:
apnanalandaofficial881@gmail.com
9031468165
9608311251